## एक नजर में

### कोतवाली से लापता व्यापारी की लाश भेड़ाघाट में मिली

**जबलपुर।** कोतवाली थाना अंतर्गत उखरी निवासी एक व्यापारी चार नवम्बर को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था जिसकी लाश शुक्रवार दोपहर भेड़ाघाट स्वर्गद्वारी से सरस्वतीघाट नर्मदा नदी के बीच घाट पर उतराती मिली। शव को पुलिस ने बाहर निकलवाते हुये मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक राकेश बर्मन ने सूचना दी कि वह भेड़ाघाट में नाव चलाने का काम करता है। शुक्रवार दोपहर करीब नाव में दर्शकों को बैठाकर बंदर कूदनी तरफ घूमाने ले गया था जो स्वर्गद्वारी के पास नर्मदा नदी में एक व्यक्ति का शव स्वर्गद्वारी से सरस्वतीघाट नर्मदा नदी के बीच घाट पर मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को बाहर निकलवाते हुए मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी। मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास किए गए तो उसकी पहचान संदीप लालवानी निवासी उखरी के रूप में है। संदीप चार नवम्बर को घर से निकला था लेकिन वापिस नहीं लौटा। परिजनों ने कोतवाली थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

### युवक लूटता रहा महिला की आबरू

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना क्षेत्र में एक महिला को अपने साथ रखकर शादी का झांसा देकर युवक उसकी आबरू लूटता रहा। इसके बाद वह अपने वादे से मुकर गया। शादीशुदा महिला की उसके पति ने गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। अब पीड़िता ने थाने पहुंचकर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक नुनसर निवासी 40 वर्ष महिला ने रिपोर्ट कराई कि वर्ष 2024 में अप्रेल माह में उसकी पहचान प्रशांत कुशवाहा से हुई थी। इसके बाद प्रशांत की उसके बेटे से भी दोस्ती हो गई थी और वह घर आने जाने लगा और शादी का झांसा देकर जुलाई माह में उसके घर पर शारीरिक संबंध बनाये। उसके बाद लगातार उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। जब उसने विरोध करना शुरू किया तो दबाव बनाने लगा और धमकाने लगा। 9 जुलाई को फोन पर उसे धमकी दी। इसके बाद कहने लगा कि मैं मर जाऊंगा उसे भेड़ाघाट ब्रिज के पास बुलाया और वहां से जबलपुर ले गया और अपने साथ रखा। वहीं उसके पति ने गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी। इसके बाद माढ़ोताल स्थित किराए के मकान में उसे रखा जहां भी उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। जिसके बाद उसे साथ रखने से मना कर दिया।

### जीजा साले को मारने को दौड़ा, पत्नी को लगी चाकू

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अंतर्गत शिवाजी नगर मांडवा में अपनी प पति-पत्नी के बीच सुलाह कराने चल रही बैठक के बीच विवाद बढ़ गया जीजा साले को मारने को दौड़ा इस दौरान बीच बचाव में पत्नी को चाकू लग गयाऔर वह घायल हो गई।

**सड़क हादसा** | एन एच 44 फोरलेन के बंजारी माता मंदिर के पास हुआ हादसा , बुअनी कराने ससुराल से अपने गांव जा रहे थे दोनों

# तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक ने बाइक सवार दंपत्ती को रौंदा, मौके पर मौत

**छपारा । नगर से 8 किलोमीटर दूर 8 नबंम्बर को सुबह लगभग 11 बजे एनएच 44 फोरलेन के बंजारी माता मंदिर के पास सिवनी से भैंसनवाही गणेशगंज बाइक से जा रहे पति-पत्नी को पीछे से आ रहे एक कंटेनर ट्रक ने टक्कर मारी दी इस दुर्घटना में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई वहीं घटना के बाद कंटेनर ट्रक ड्राइवर ट्रक को घटनास्थल पर छोड़ फरार हो गया दोनों मृतक दंपति को सूचना पर छपारा पुलिस एवं डायल 112 द्वारा नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया वहीं दुर्घटना में शामिल कंटेनर ट्रक को पुलिस ने छपारा थाना परिसर में लाकर खड़ा कर लिया गया है।**








मिली जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह लगभग 11 बजे गणेशगंज के भैंसनवाही गांव निवासी सुखराम कुमरे पिता मंगल कुमरे 38 वर्ष और सुकरती कुमरे पति सुखराम कुमरे 33 वर्ष सिवनी अपने ससुराल से गणेशगंज के पास गांव भैंसनवाही के लिए बाइक से जाते हुए छपारा से गणेशगंज के बीच एन एच 44 फोरलेन के बंजारी माता मंदिर के पास पीछे आ रहा तेज गति से कंटेनर ट्रक क्रमांक P-wv-BN-8949 ने टक्कर मारी उक्त सड़क हादसे में दोनों दंपति की मौके पर मौत हो गई वहीं मृतकों के परिवार को जैसे ही सिवनी में जानकारी लगी वह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छपारा पहुंच कर वहां परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया हृदयविदारक चिखपुकार से गमगीन माहौल हो गया।

> मृतक के घर में एक बेटा और एक बेटी है। और जब यह हादसा हुआ उनका पूरा परिवार सिवनी में रहने के लिए पहुंचा हुआ था। पूरा पर छपारा पुलिस के द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

# तीर्थ यात्रा करवाने वाला भगवान बनता है





**बरघाट । श्री दिगंबर जैन मंदिर बरघाट जिला सिवनी मध्य प्रदेश में महा समाधि धारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से दीक्षित एवं परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज,मुनि श्री भाव सागर जी महाराज का मंगल प्रवेश हुआ।** महाराज जी का जगह-जगह पाद प्रक्षालन किया गया ,आरती उतारी गई। धर्म सभा को संबोधित करते हुए मम मुनि श्री भाव सागर जी महाराज ने कहा कि ,तीर्थ यात्रा करवाने वाला भगवान बनता है,श्री सम्मेद शिखर जी की यात्रा यात्रा नहीं महायात्रा है.

**यात्रा में सिवनी में सकल जैन समाज शामिल हुआ**

इस यात्रा में सिवनी जैन समाज के पुरुष ,महिलाएं, युवा एवं बालिकाएं शामिल हुए,जिसमें प्रमुख रूप से चंद्रशेखर आजाद, संजय जैन भोमा ,नरेंद्र जैन, नीरज बाझल ,संदीप बाझल ,रितेश जैन पान ,सोनू भोमियो, सुमित जैन सोमी , राजा पटेल, बरघाट से रितेश जैन,हैप्पी जैन मनीष जैन, आलोक जैन, पवित्र जैन आदि शामिल रहे । कमेटी ने बताया कि 22 नवंबर के आसपास चंद्रगिरि डोंगरगड पहुंचने की संभावना है।

# राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का किया सामूहिक गायन

**शहडोल ।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में वंदे मातरम् का 150वां स्मरणोत्सव कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ। राज्य मंत्री श्री जायसवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर गुड सेफर्ड कान्वेन्ट स्कूल के विद्यार्थियों के बैंड दल ने राष्ट्रगान जन गण मन की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर विधायक जयसिंहनगर मनीषा सिंह, कमिश्नर शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता, डीआईजी सविता सुहाने, जिला योजना समिति की सदस्य अमिता चपरा, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव, सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह सहित अन्य



जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय ने किया। आभार डीपीसी अमरनाथ सिंह ने व्यक्त किया। कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा कि वंदे मातरम् शब्द एक मंत्र, ऊर्जा और संकल्प है। यह मां भारती की साधना एवं आराधना है। यह हमारे वर्तमान को आत्मविश्वास और भविष्य को हौसला देता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरा होने पर पूरे देश में 150वां स्मरणोत्सव मनाया जा रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन में 1857 की क्रांति गुलामी से मुक्ति पाने के लिए हुई थी। अंग्रेजों के दमन से शून्यता की स्थिति आ गई थी। इस दौरान बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित राष्ट्रगीत वंदे मातरम् भारत के स्वतंत्रता संग्राम का प्रेरणा स्त्रोत बना और आज भी हमें राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देता है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने देश को स्वतंत्र कराने के लिए वंदे मातरम् गीत को राष्ट्रीय एकता एवं बलिदान का हथियार बनाया।

# राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम

## जिला पंचायत तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का आयोजन



**गणेशगंज नवभारत। राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 15 वर्ष पूर्ण होने पर देशभर के शासकीय कार्यालयों में शासन के आदेशानुसार कार्यक्रम आयोजित किए जाकर सामूहिक राष्ट्रगीत का आयोजन किया जा रहा है,**

उसी क्रम में लखनादौन विकासखंड अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गणेशगंज में शनिवार को पंचायत तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत वंदे मातरम् 150 वां जश्न मनाते हुए राष्ट्रगीत का आयोजन किया गया।

जिसमें पंचायत के सचिव,सरपंच,पंच ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य सहित समस्त शिक्षक ,शिक्षिकाएं, बच्चे व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

# छात्रावास अधीक्षक रोहित बोपचे पर शिकंजा कसने की तैयारी

## कलेक्टर ने गठित की जांच टीम, सहायक आयुक्त शक के दायरे पर

**घंसौर नवभारत। घंसौर विकासखंड के आदिवासी बालक छात्रावास बालपुर में लंबे समय से पदस्थ अधीक्षक रोहित बोपचे के खिलाफ गंभीर आरोपों के बाद सिवनी कलेक्टर ने संज्ञान लेते हुए गुरुवार को जांच दल भेजा। इस टीम में एसडीएम बिशन सिंह गौड़ और बीआरसी कमलेश बघेल शामिल रहे। जांच के बाद कलेक्टर स्तर पर अधीक्षक रोहित बोपचे को हटाए जाने की संभावना जताई जा रही है। ज्ञात होवे की तीन माह से पूर्व जांच होने के बाद भी सहायक आयुक्त जनजाति विभाग लाल जी मीणा ने बालपुर छात्रावास अधीक्षक रोहित बोपचे के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं किया है जिसकी शिकायत पत्रकारों द्वारा जिला कलेक्टर शीतल पटले से भी की गई थी जिसे जिला कलेक्टर श्रीमती शीतल पटले ने गंभीरता से लिया है।**




सूत्रों के अनुसार रोहित बोपचे वर्ष 2009 से लगातार छात्रावास में पदस्थ हैं और 15 वर्षों से आदिवासी छात्रों के अधिकारों का हनन कर रहे हैं। आरोप है कि वह छात्रावास में नियमित रूप से नहीं रहते, छात्रों को नाश्ता-भोजन में कटौती करते हैं और कई बार बिना सूचना छात्रावास बंद कर छात्रों को घर भेज देते हैं।7 सितंबर को प्रभारी मंडल संयोजक रघुवंशा पंद्रे द्वारा औचक निरीक्षण में छात्रावास बंद पाया गया था जिसमें सभी छात्र और कर्मचारी अनुपस्थित थे। इसके बाद अधीक्षक ने बचाव के लिए स्थानीय निजी छात्रों की तस्वीरें अधिकारियों को भेजकर भ्रम फैलाने की कोशिश की।

> गौरतलब है कि शासन के निर्देशानुसार किसी भी अधीक्षक की तीन वर्ष से अधिक एक ही छात्रावास में पदस्थापना नहीं हो सकती परंतु रोहित बोपचे पिछले 15 वर्षों से पद पर जमे हुए हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन कब तक ऐसे अधीक्षक को संरक्षण देता रहेगा जो आदिवासी छात्रों के अधिकारों का खुलेआम दुरुपयोग कर रहा है।

**कार्यवाही** | 6 आरोपी गिरफ्त में

# डुण्डासिवनी पुलिस की जुआ पर रेड

**सिवनी। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता व्दारा जुआ सट्टा एवं अवैध गतिविधियों के हेतु सख्त है जिनके कुशल नेतृत्व मे जुआडयो व सटोरयो व सख्त कारवाई की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन में एवं सी.एस.पी. सिवनी श्रृध्दा सोनकर के मार्गदर्शन में उक्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुये पूर्व में भी सक्रियता से कार्यवाही की जाती रही है।**



दिनांक 07.11.25 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना डुण्डासिवनी क्षेत्र अंतर्गत जगदंबा सिटी के पीछे खाली मैदान में जुआ चल रहा है, जिसमें कुछ लोग ताश के पत्तों पर हार जीत का दांव लगा रहे हैं। सूचना तस्दीक पर थाना प्रभारी चैनसिंह उइके के नेतृत्व मे थाना डुण्डासिवनी की टीम गठित कर जुआ रेड कार्यवाही की गई जो घेराबंदी कर 06 जुआडिओ को पकडने मे सफलता प्राप्त हुई। सभी जुआडियो से कुल 5040/- रुपये नगदी एवं 52 ताश के पत्ते जप्ती की गई आरोपियो के विरुध्द अपराध क्रमांक 518/25 धारा 13 जुआ एक्ट के अंतर्गत मामला पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

### पकडे गये जुआड़ी

जमील पिता इस्माईल खान उम्र 50 साल नि. गांधी वार्ड सिवनी. सईम पिता करीम खान उम्र 34 साल नि. घसियारी मोहल्ला सिवनी, समीर पिता खलील खान उम्र 46 साल नि. शहीद वार्ड सिवनी, शकील पिता हयात खान उम्र 46 साल नि. घसियारी मोहल्ला सिवनी, शब्बीर पिता इब्राहिम खान उम्र 48 साल नि. गुरुनानक वार्ड सिवनी, नफीस खान पिता निसाद खान उम्र 51 साल नि. गुरुनानक वार्ड सिवनी।

> **इनका रहा सहयोग**
> निरीक्षक चैनसिंह उइके, प्र.आर. संजय यादव आर., कृष्णकुमार भालेकर, धनराज वरकडे, अंशुमन राजपूत, केसरीनंदन ऐडे, रविन्द्र उइके।

